# केन्द्रीय विद्यालय संगठन
# लखनऊ संभाग
# सत्रांत परीक्षा हेतु सैंपल प्रश्न पत्र (2021-22)

**कक्षा : पंचम** **अधिकतम अंक : 40**

**विषय : हिन्दी** **अवधि : 2 घंटे**

**सामान्य निर्देश : सभी प्रश्न अनिवार्य है ।**

**पठन** **अंक-5**

**(क) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(1×5 = 5)**

"जल के बिना न तो मनुष्य का जीवन संभव है और न ही वह किसी कार्य को संचालित कर सकता है । जल मानव की मूल आवश्यकता है । पृथ्वी पर मनुष्य के प्रयोग हेतु कुल जल का मात्र **0.6%** भाग ही मृदु जल के रूप में उपलब्ध है । वर्तमान समय में इस सीमित जल का बड़ा भाग प्रदूषित हो चुका है, फलस्वरूप पेय जल की समस्या उत्पन्न हो गई।
नलों में अब पूरे समय पानी नहीं आता । लेकिन बरसात के मौसम में क्या होता है? सब तरफ़ पानी ही पानी बहने लगता है। हमारे - तुम्हारे घर ,स्कूल, सड़कों, रेल की पटरियों पर पानी भर जाता है। देश के कई भाग बाढ़ में डूब जाते हैं। यह बाढ़ न गाँव को छोड़ती है और न ही बड़े से बड़े शहर को। "

प्रश्न **1.** दिए गए विकल्पों में से कौन - सा जल प्रदूषण का कारण नहीं है| (सही पर चिन्ह लगाइए)

क) कारखानों की संख्या में वृद्धि ।

ख) बहते जल में कपड़े धोना ।

ग) अधिक से अधिक पेड़ लगाना ।

घ) पशुओं को नहलाना ।

**प्रश्न 2.** बरसात के दिनों में पानी भर जाने से कैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती हैं ?

उत्तर-----------------------------------------------------------------------------------------------------

**प्रश्न 3.**निम्न चित्र पानी की किस स्थिति को दर्शाता है ?



उत्तर---------------------------------------------------------------------------------------------------

**प्रश्न 4.** इनमें से कौन - सा शब्द पानी का समानार्थी शब्द नही है ?

क) नीर

ख) नभ

ग) पय

घ) जल

**प्रश्न 5.** पृथ्वी पर मनुष्य के प्रयोग हेतु कुल जल की कितनी मात्रा मृदु जल के रूप में उपलब्ध है?


उत्तर---------------------------------------------------------------------------------------------------

## <u>लेखन</u> अंक-5


## <u>(गद्य एवं पद्य)</u>

**<u>अति लघु उत्तरीय प्रश्न</u> ( 1 x 1=1)**

(क)



( ख)



उपरोक्त दोनों चित्रों को ध्यान पूर्वक देखिए और बताइए कि भारत का राष्ट्रीय पशु कौन सा है,नाम लिखिए।

उत्तर.______________________________________________________________

**लघु उत्तरीय प्रश्न** (2 x 2 = 4)

1. पाठ 'बिशन की दिलेरी' में कर्नल दत्ता ने घायल तीतर को गेंदे की पत्तियों का रस पिलाने के लिए कहा। पत्तों का इस्तेमाल कई कामों के लिए होता है। नीचे दी गयी पत्तियों का इस्तेमाल किसलिए होता है?(एक- एक वाक्य लिखिये)

   क) नीम की पत्ती

   ______________________________________________________________



   ख) तुलसी की पत्ती

   ______________________________________________________________



2. पाठ 'पानी रे पानी' में धरती को गुल्लक कहा गया है|तो यह धरती की गुल्लक किन-किन साधनों से भरती है?(किन्ही चार साधनों के विषय में लिखिए)
   उत्तर.(क)____________________________(ख)_________________________
   (ग)_________________________________(घ)________________________



**व्याकरण** **अंक-10**

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न ( 1 x 10=10 )**

1. शब्दों को सही क्रम में लगाकर सही वाक्य बनाइए।
   स्वामीनाथन / रौबदार / के /सब / मजिस्ट्रेट/ दादाजी/ थे
   उत्तर. ________________________________

2. दिए गए पुल्लिंग शब्दों के स्त्रीलिंग शब्द लिखिए।

   ग्वाल - ____________

   शिक्षक - ___________

3. दिए गए वाक्य में बहुवचन शब्द को रेखांकित कीजिये और उसका एकवचन शब्द लिखिए|
   बरसात के दिनों में बस्तियाँ डूबने लगती हैं|

   ---

4. "हिमालय की दुर्गम पर्वतमाला मुँह उठाए चुनौती दे रही थी।"
   इस वाक्य में 'दुर्गम' का सही विलोम शब्द क्या है?
   उत्तर :

   ---

5. दिए गए वाक्य में संज्ञा शब्द पर गोला लगाइए-
   (क) सोहन आज विद्यालय नहीं गया।
   (ख) राधा खाना खा रही है।

6. दिए गए शब्दों का प्रयोग करके वाक्य बनाइए-
   (1) क्यों :____________________________________?
   (2) कौतूहल : ____________________________________?

7. "तीतर स्वेटर में फंस गया तो बिशन ने **उसे** पकड़ लिया और **अपने** सीने से चिपका लिया"। इस वाक्य में 'उसे' शब्द का इस्तेमाल 'तीतर' के लिए किया गया है।
   इस आधार पर दिए गए वाक्य को पूरा कीजिए।
   सुधा ने______ बुआ से पूछा, पापा ______कितने बड़े हैं। (आप)

8. नीचे दिए गए वाक्य में सही विराम चिन्ह का प्रयोग कीजिए। ( !, ?, । )

   (क) अमिता आज विद्यालय क्यों आई थी

   (ख) सुमित को घायल चिड़िया पर दया आ गई

9. नीचे दिए गए वाक्य को ध्यानपूर्वक पढ़िए। वाक्य में रेखांकित शब्द को क्या कहते हैं?( सर्वनाम / विशेषण )

   जंगल में <u>खूंखार</u> जानवर रहते हैं।

उत्तर .________________________________________________

10.चित्र देखकर सही काम वाला शब्द चुनिए (क्रिया) और एक वाक्य बनाइए।

(सोना,पढ़ना,खेलना,दौड़ना)



उत्तर.________________________________________________

**<u>सृजनात्मक लेखन</u>** **अंक-5**

विस्तृत उत्तरीय प्रश्न **(5×1 =5)**

उपरोक्त चित्र का ध्यानपूर्वक अवलोकन कीजिये और जल- चक्र के बारे में 5




पंक्तियां लिखिए|

________________________________________________

________________________________________________

________________________________________________

________________________________________________

________________________________________________

________________________________________________

**वर्तनी** **अंक-5**

**<u>अति लघु उत्तरीय प्रश्न</u>** **(1×5=5)**

**1. नीचे दिए गये अक्षरों को सही क्रम में लगाकर उचित शब्द बनाइए ।**

क) मा य हि ल ________________

ख) द बा शा तह ________________

**2. दिए गए विकल्पों में से शुद्ध वर्तनी वाले शब्दों के जोड़े को चुने व सही पर निशान लगाएं।**

क)सिकारी , कटीले

ख)चूड़ियाँ , बच्चे

ग)भिश्ती ,पूलीस

घ) दफतर,स्वदिष्ट

3. नीचे दिए गये चित्रों को ध्यानपूर्वक देखिये और रिक्त स्थान पर इनके नाम लिखिए।





(1)______________ (ख) ____________________

**4.** नीचे लिखे वाक्य को पढ़िए। जिस शब्द के नीचे रेखा खिंची गयी है, उसे आजकल कैसे लिखते हैं?

(क) न ऐसी महूरत बनी बढ़िया जैसी|

उत्तर:__________________________________________________________

**5.** "सभी बच्चे अपना ग्रहकार्य करके आएंगे"।

इस वाक्य में कौन-सा शब्द अशुद्ध रूप में लिखा गया है।

उत्तर. ______________________________________________

## सुलेख अंक-5

विस्तृत उत्तरीय प्रश्न **(5×1 =5)**

नीचे लिखी पंक्तियों को सुंदरता व शुद्धता के साथ अपने हस्तलेख में लिखिए ।

पत्रों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। पत्र लिखने की परम्परा बहुत पुरानी है। पत्र जिसके पास लिखा जा रहा है उस तक उचित समय पर पहुँच जाए, इसके लिए हम उस

पर डाक टिकट लगाते हैं और पूरा एवं ठीक पता लिखते हैं। फिर पते में सबसे छोटी भौगोलिक इकाई से शुरू करके बड़ी की ओर बढ़ते हैं। छोटी से बड़ी भौगोलिक इकाई का मतलब है घर के नंबर के बाद गली-मोहल्ले का नाम, फिर गाँव, कस्बे, शहर के जिस हिस्से में है उसका नाम, फिर गाँव या शहर का नाम। शहर के नाम के बाद पिनकोड लिखा जाता है।

________________________________________________
________________________________________________
________________________________________________
________________________________________________
________________________________________________
________________________________________________
________________________________________________

________________________________________________

**<u>शब्दकोष</u>** (1 x 5= 5)

**1.** दिए गए शब्दों के समानार्थक शब्द लिखिए।

नदी:

बादल :

**2.** नीचे लिखे वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द बताकर वाक्य की पूर्ति कीजिए।
राहुल एक <u>बहादुर</u> लड़का है किंतु उसका मित्र अनिकेत ____________ है।

**3. वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए-**
(1) सोने का आभूषण बनाने वाला : _______________
(2) मिट्टी के बर्तन बनाने वाला : ________________

4. . "**कभी-कभी वे साँझ-सकारे निबटाकर नहाना**,
**छोटी- छोटी मछ्ली मारे आँचल का कर छाना।**"

**उपरोक्त पंक्तियों में नहाना और छाना तुकांत शब्द हैं, इसी प्रकार किन्ही दो तुकांत शब्दों के जोड़े बनाइए ।**

________________________________________________

5. मेरे मित्र ने मुझे खतरे से आगाह किया। दिए गए वाक्य में 'आगाह किया' का मतलब क्या हो सकता है?
उत्तर. ____________________________________________

## उत्तरकुंजी

### पठन

1. (ग) अधिक से अधिक पेड़ लगाना
2. बरसात के दिनों में पानी भर जाने से बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।
3. पानी की कमी को (सूखा या अकाल)
4. नभ
5. 0.6%

### गद्य/पद्य

1.बाघ

2.नीम की पत्ती-घाव तथा फोड़े फुंसी पर लेप लगाने

तुलसी की पत्ती-पूजा पाठ तथा चाय बनाने में

3. छोटे-बड़े तालाब, वर्षा का जल, नदी, झरने।

### व्याकरण

1. स्वामीनाथन के दादा जी रौबदार सब मजिस्ट्रेट थे।
2. ग्वालिन,शिक्षिका
3. दिन, बस्ती
4. सुगम
5. (क) सोहन
   (ख) राधा

6. (क) तुम आज विद्यालय क्यों नहीं आए थे?
   (ख) मुझे चिड़ियाघर देखने का बड़ा कौतूहल है।

7. अपनी, आपसे
8. क.? , ख.।
9. विशेषण
10. पढ़ना
   वाक्य प्रयोग- रोहन किताब पढ़ रहा है।

**सृजनात्मक लेखन**

1. जल चक्र एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें जल एक रूप से दूसरे रूप में परिवर्तित होता रहता है।
2. सूर्य की गर्मी के कारण जल वाष्प बनकर वायुमंडल में जाता है।
3. वाष्प बादल का निर्माण करते हैं।
4. बादल वर्षा के रूप में बरस जाते हैं।
5. इस प्रकार प्रकृति में जल चक्र के द्वारा जल की मात्रा संरक्षित रहती है।
   (बच्चे अपनी सृजनात्मकता के आधार पर उत्तर लिखेंगे)

**वर्तनी**

1. हिमालय, बादशाहत
2. चूड़ियाँ, बच्चे
3. कंप्यूटर,गुल्लक
4. मुहूर्त
5. ग्रहकार्य

**सुलेख**

बच्चे दी गई पंक्तियों को सुंदरता तथा स्वच्छता के साथ अपने हस्त लेख में लिखेंगे।

**शब्दकोश**

1. सरिता, तरंगिनी
   मेघ,घन
2. कायर

3.सोनार

कुम्हार

4. धेला-चेला

   बाजा-राजा

5.सचेत करना

## <u>ब्लू प्रिंट अथवा प्रश्न पत्र रूपरेखा</u>

| दक्षताएँ | प्रश्न | विवरण | प्रश्नों के प्रकार | कुल अंक | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|
| पठन | 5 | अपठित गद्यांश-5 प्रश्न | 5 अति लघु उत्तरीय प्रश्न | 1 x 5 | 5 |
| लेखन | 3 | गद्य / पद्य | 1 अति लघु उत्तरीय प्रश्न | 1 x 1 | 5 |
| | | | 2 लघु उत्तरीय प्रश्न | 2 x 2 | |
| व्याकरण | 10 | व्याकरण पर आधारित प्रश्न | 10 अति लघु उत्तरीय प्रश्न | 1 x 10 | 10 |
| सृजनात्मक लेखन | 1 | सृजनात्मक सोच पर आधारित प्रश्न | 1 विस्तृत उत्तरीय प्रश्न | 5 x 1 | 5 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्तनी | 5 | वर्तनी पर आधारित प्रश्न | 5 अति लघु उत्तरीय प्रश्न | 1 × 5 | 5 |
| सुलेख | 1 | लेखन हेतु 5 - 6 पंक्तियाँ | 1 विस्तृत उत्तरीय प्रश्न | 5 x 1 | 5 |
| शब्दकोश | 5 | शब्द भण्डार पर आधारित प्रश्न | 5 अति लघु उत्तरीय प्रश्न | 1 x 5 | 5 |
| कुल योग | | | 30 | 40 | |